समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# मैदान मे छिड़ी जंग : जडेजा-कार्स के टकराए कंधे, लॉर्ड्स टेस्ट मे तनावपूर्ण माहौल।

Publisher Published on 14 Jul 2025




**रवींद्र जडेजा और ब्रायडन कार्स के बीच रनिंग के दौरान हुई टक्कर, बेन स्टोक्स को बीच मे आकर मामला सुलझाना पड़ा।**

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे **लॉर्ड्स टेस्ट मैच** के **पांचवे दिन मैदान पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई** जब भारत के स्टार ऑलराउंडर **रवींद्र जडेजा** और इंग्लैंड के **गेदंबाज ब्रायडन कार्स** के बीच टकराव हो गया। रन लेते वक्त दोनों खिलाड़ी आपस में भिड़ गए, जिसके बाद मौका इतना गरम हो गया कि इंग्लैंड के कप्तान **बेन स्टोक्स** को हस्तक्षेप करना पड़ा।

**क्या हुआ था मैदान पर ?**

१. **घटना 35वे ओवर की आखिरी गेदं पर हुई जब ब्रायडन कार्स गेदंबाजी कर रहे थे।**
२. **रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी ने तेज़ी से दो रन लेने की कोशिश की**
३. **इसी दौरान कार्स, जडेजा के रास्ते मे आ गए और दोनों का कंधा आपस मे टंकरा गया**
४. **रन पूरा करने के बाद जडेजा ने नाराज़गी जाहिर की, और कार्स ने भी आक्रामक प्रतिक्रिया दी**
५. **मामला बिगड़ता देख बेन स्टोक्स को दोनों को शांत करना पड़ा**

**मैदान पर बयानबाज़ी भी हुई**

१. **मैच के दौरान केवल जडेजा-कार्स ही नहीं, बल्कि बेन स्टोक्स और नीतीश रेड्डी के बीच भी मौखिक नोकझोंक देखी गई।**
२. **स्टोक्स ने नीतीश को बार-बार उकसाने की कोशिश की**
३. **नीतीश रेड्डी ने भी शांत रहते हुए जवाब दिया, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया**

**भारत की स्थिति नाजुक**

१. **लॉर्ड्स टेस्ट का अंतिम दिन बेहद रोमांचक बन गया है।**

२. **भारत को जीत के लिए 193 रन का लक्ष्य मिला है**

३. **टीम इंडिया ने 8 विकेट खोकर 112 रन बना लिए है**

४. **अब 81 रन की ज़रूरत है, जबकि सिर्फ 2 विकेट शेष है**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.